

## खबर संक्षेप

### गद्दी महोत्सव कल, चित्रोत्पला गंगा महाआरती 1 फरवरी को

**शिवरीनारायण।** भगवान श्री शिवरीनारायण की पावन धरा में गद्दी महोत्सव का पर्व 31 जनवरी को तथा चित्रोत्पला गंगा महा आरती 1 फरवरी को संपन्न होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसकी तैयारीयां शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास के द्वारा की जा रही है। गद्दी महोत्सव के लिए कार्यक्रम स्थल को सजाया जा रहा है। फ्लावर डेकोरेशन एवं टेंट वाले सभी अपने-अपने कार्यों में लगे हुए हैं। इसी तरह से चित्रोत्पला गंगा महाआरती की तैयारी तथा कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करने के लिए चांपा सेवा संस्थान के पदाधिकारीयों ने शिवरीनारायण पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने भगवान शिवरीनारायण, मठ में जगदीश मंदिर तथा गौशाला में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास एवं चांपा सेवा संस्थान से पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज मित्तल, शशि भूषण सोनी, रामनारायण मोदी, प्रियांशु पाड़ी सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

### लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण के लिए विशेष शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण हाने के अवसर पर प्रदेश में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि संचालनालय द्वारा उक्त अवधि में संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर कैम्प आयोजित कर, पेंशन एवं वेतन निर्धारण के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में लंबित पेंशन व वेतन निर्धारण प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला कोषालय जांजगीर में 30 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से 5 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में विशेष रूप में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा आपत्ति की गई लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

### हसदेव नदी पर बने गेमन पुल से अज्ञात व्यक्ति ने लगाई छलांग

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव नदी पर बने गेमन पुल से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा नदी में छलांग लगाने की घटना सामने आई है। मौके पर पुल के पास अज्ञात व्यक्ति की एक गाड़ी खड़ी मिली है, जिससे मामला और भी संदिग्ध बन गया है। फिलहाल व्यक्ति द्वारा यह कदम किन कारणों से उठाया गया, इसका पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच-पड़ताल, पहचान की पुष्टि तथा नदी में डूबे व्यक्ति की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है जांच के बाद ही युवक के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

### बालिकाओं को दी गई एनीमिया से बचाव की जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 जनवरी बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 16 से 30 जनवरी तक विशेष जारुकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही विविध कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं को उनके हितार्थ सुरक्षा, सहायता, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के मुद्दों पर संवाद किया जा रहा है। इसी क्रम में सेजेस (खिसोरा) बलौदा एवं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, चाम्पा में एक साथ मिलकर के लिए'' एवं ''बाल अधिकार एवं सामाजिक भेदभाव'' थीम पर जागरूकता सत्र सह कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने हीमोग्लोबिन की कमी से एनीमिया होता है, जिसके लक्षण थकान, कमजोरी, त्वचा पीली होना, सांस फूलना व चक्कर आना हैं। कार्यशाला में पर्यवेक्षक श्रीमती रजनी साहू, सूश्री अल्का चंद्रा, श्रीमती विनिता मिश्रा, श्रीमती शकुन सोन, स्कूल के शिक्षकगण, एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# आस्था की मिसाल : बड़े ही नहीं बुजुर्ग और बच्चे भी भुईयां नापते पहुंच रहे शबरीधाम

## गांव गांव से पहुंच रहा श्रद्धालुओं का जत्था, माघी पूर्णिमा से शुरू होगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

हाथ में नारियल, धूल और पसीने से सराबोर शरीर और मुख से शवरीन दाई का जयकारा इस तरह का नजारा इन दिनों शिवरीनारायण जाने वाली सड़कों पर देखने को मिल रहा है। दरअसल दो दिनों बाद माघी पूर्णिमा स्नान के साथ शिवरीनारायण का ऐतिहासिक मेला शुरू हो रहा है। प्राचीन परंपरा अनुसार भुईया नापते शिवरीनारायण दर्शन का अपना अलग अी धार्मिक महत्व है। कोई मन्नत लेकर तो कोई मन्नत पूरी होने पर यहां भुईयां नापते पहुंचते है।

गौरतलब है कि चित्रोत्पला गंगा तट पर धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला लगता है। रामायण कालीन इस नगरी में चित्रोत्पला गंगा में पूर्णिमा स्नान और नर नारायण दर्शन का विशेष महत्व है। इसके साथ ही यहां श्रद्धालुओं के भुईया नापते (जमीन पर लोट मारते) पहुंचने की भी परंपरा है। माघी पूर्णिमा इस बार 1 फरवरी को पड़ रहा है। इसके दो तीन दिन पहले से ही ना





केवल शिवरीनारायण बल्कि शिवरीनारायण जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं में गजब की आस्था नजर आने लगी है। आसपास गांव सहित दूरदराज क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भुईया नापते शबरी धाम पहुंच रहे है। खास बात यह है कि इन श्रद्धालुओं में बडे बुजुर्गो से लेकर बच्चे तक शामिल होते है। उनके हाथ में एक नारियल होता है, जिसे लेकर वे जमीन नापते निकलते है। श्रद्धालु बताते हैं कि कितने भी किलोमीटर की दूरी से जमीन पर दंडवत लोट लगाते शबरी धाम पहुंचने पर किसी प्रकार का दर्द या फिर हाथ पैरों में दर्द, थकान नहीं होता। भगवान श्री शिवरीनारायण, माता शबरी, भगवान महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी के आशीर्वाद से ही जमीन पर लोट लगाने की शक्ति मिलती है। शबरी धाम पहुंच कर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की 7 परिक्रमा 11 परिक्रमा किया जाता है। माना जाता है कि लोट लगाने से साधक की समस्त मनोकामनाएं भगवान श्री शिवरीनारायण पुरी करते हैं एवं ऐसे श्रद्धालुओं पर भगवान श्री शिवरीनारायण का आशीर्वाद और कृपादृष्टि बनी रहती है। जमीन पर भुइयां नापते श्रद्धालुओं में पुरुषों, महिलाओं युवक युवतियों के साथ छोटे छोटे बच्चों में भी गजब का उत्साह देखने को मिलता है।

## शिवरीनारायण-बिर्रा मुख्य मार्ग पर पांच घंटे चक्काजाम

# स्कूल के पास बना दिया राखड़ पहाड़, ग्रामीण उतरे सड़क पर

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा

महानदी के तटवर्ती ग्राम मोहतरा में स्कूल के पास राखड़ डंप करने के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में एकजुट ग्रामीण सड़क पर उतर आए और शिवरीनारायण-बिर्रा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पर्यावरण विभाग के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने डंप किए गए राखड़ को वापस ले जाने की मांग रखी। जिस पर अफसरों ने उचित पहल का आश्वासन दिया। इस दौरान पूरे पांच घंटे आवागमन अवरूद्ध रहा और सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की कतारें लगी रही।

गुरूवार 29 जनवरी को मोहतरा गांव की महिलाएं हाथ में तख्ती लेकर सड़क पर उतर आई। वे गांव में अवैध रूप से राखड़ डंप करने का विरोध कर रही थी। उनके साथ ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान आक्रोशित महिलाएं और ग्रामीण सड़क पर बैठ गई और आवागमन अवरूद्ध कर दिया। वे अवैध रूप से राखडं डंप करने का विरोध कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर भडास निकाली। उनका कहना था कि पूर्व पंचायत द्वारा गांव के 5 एकड़ भूमि को समतल करने के लिए राखड़ पाटने की अनुमति दी थी, लेकिन यहां 5 एकड़ की जगह तकरीबन 15 एकड़ शासकीय भूमि पर राखड़ पहाड़ बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि राखड़ पाटने का सिलसिला अभी तक जारी है, जबकि पास में ही स्कूल है और आसपास गांववालों की खेती जमीन के साथ रिहायशी इलाके भी है। बड़ी मात्रा में राखड़ पाटने से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। हवा के हल्के झोंकों के साथ पूरा क्षेत्र राखड़ के गुबार में खो जाता है। इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों को भी परेशानी होती है। ग्रामीणों की मांग थी कि अवैध रूप से बड़ी मात्रा में डंप किए गए राखड को तत्काल हटवाया जाए। इस तरह की स्थिति को देखते हुए अफसरों ने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। जिस पर वे भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान सबकी समझाईश और उचित पहल के आश्वासन पर तकरीबन ढाई बजे आंदोलन खत्म हुआ। इधर पांच घंटे से अधिक समय तक चक्काजाम होने पर सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।



हाथ में तख्ती लेकर सड़क पर बैठी महिलाएं।



# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर किसान खा लिया जहर

## टोकन व मुआवजा मिलने को बताया कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विकासखंड के ग्राम सांकर में धान खरीदी व्यवस्था की लापरवाही का एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां सेवा सहकारी समिति में धान बिक्री के लिए टोकन जारी न होने से मानसिक व आर्थिक तनाव में आए किसान अनुराग सिंह चंदेल ने आत्मघाती उठाते हुए जहर खा लिया। उसे उपचार उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। जहर खुरान से पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सांकर निवासी अनुराग सिंह चंदेल का 400 क्विंटल से अधिक धान सेवा सहकारी समिति में लंबे समय से नहीं बिक पाया है। धान खरीदी के लिए वह बार-बार समिति कार्यालय जाता, लेकिन हर बार उसे टोकन जारी नहीं किया गया। लगातार अस्वीकृति, बढ़ते कर्ज, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक अनिश्चितता ने उसे गहरे मानसिक दबाव में ला खड़ा किया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया और जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को स्थिति की गंभीरता का अंदेशा हुआ। तत्काल उसे बिलासपुर ले जाया गया, जहां पहले एक निजी अस्पताल और बाद में पीजी अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। इधरबताया जा रहा है कि घटना से पहले अनुराग सिंह चंदेल ने एक वीडियो संदेश रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा किया था। जिसमें उसने सेवा सहकारी समिति में धान नहीं बिकने से उत्पन्न आर्थिक संकट, पारिवारिक दबाव और प्रशासनिक उपेक्षा का उल्लेख किया है। साथ ही भारतमाला हाईवे परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक न मिलने की बात भी कही है। इधर इस मामले को लेकर कांग्रेस अब शासन-प्रशासन की नीति पर सवाल खड़ा कर रही है।

किसान अनुराग सिंह चंदेल द्वारा वीडियो जारी करने के बाद आत्मघाती कदम उठाने से प्रशासन भी सकते में आ गया है। मामला सामने आते ही आनन फानन में सांकर उपार्जन केन्द्र में गुरुवार 29 जनवरी को अनुराग सिंह चंदेल समेत अन्य किसानों का धान खरीदने के लिए टोकन काटने की बात भी सामने आ रही है।



अस्पताल में भर्ती किसान।

## बाइक को टक्कर मारकर कार चालक फरार, पुलिस ने पीछा कर 10 किलोमीटर दूर पकड़ा

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह–चांपा मार्ग में तेज रफ्तार कार का चालक बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस ने पीछा करते हुए 10 किलोमीटर दूर कार को पकड़ा।

कार क्रमांक सीजी08 व्ही 2777 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी11 एएल 4706 को बुधवार की रात टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल चालक देवप्रसाद पटेल निवासी धाराशिव तथा पीछे बैठे कुशल दास महंत निवासी नवागढ़ इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई । घटना की जानकारी मिलते ही सोनाईडीह सरपंच संतन महंत और बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंची दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर चांपा की ओर भागने लगा। सूचना मिलते ही बम्हनीडीह थाना में तैनात आरक्षक उमेश कश्यप ने अपनी बाइक से लगभग 10 किलोमीटर तक पीछा किया। पुलिस को देख चालक हाथनेवरा चौक पर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।



## 25 हजार लूट के मामले में 1 आरोपी व 2 अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

जिला सहकारी बैंक से रुपए निकालकर ला रहे एक बुजुर्ग से 25 हजार लूट के मामले में पुलिस ने 1 आरोपी व 2 अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लहंगा निवासी प्रार्थी हेतराम राठौर पिता स्व. काषीराम राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 जनवरी को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बाराद्वार के अपने खाते से 25 हहजार रूपये निकाल कर अपने घर वापस जा रहा था कि ग्राम लहंगा एवं सरवानी के बीच बंधई नाला के पास एक मोटर सायकल में सवार तीन लड़के आये और फुलपेंट के बांयें जेब में रखे 25 हजार को लूटकर फरार हो गए। उक्त गंभीर अपराध को संज्ञान में लेते हुए थाना बाराद्वार में धारा 309(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी मधुसुदन यादव पिता लखन लाल यादव उम्र 18 वर्ष एवं 2 अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। आरोपी एवं अपचारी बालकों से 23 हजार 500 रुपए एवं एक मोटर सायकल बरामद कर आरोपी एवं अपचारी बालकों को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव , यशवंत राठोर, मनीष राजपूत प्रेम नारायण राठौर, श्याम जायसवाल, योगेश राठौर,टकेश्वर कटकवर , बुद्धेश्वर पटेल का योगदारन रहा।



## खपरी केन्द्र का मामला, मोटा धान 801 बोरी कम व सरना 1106 बोरी मिला अधिक

# खरीदी केन्द्र में पतला- मोटा धान का खेल, प्रभारी व ऑपरेटर कार्य से पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्राधिकृत अधिकारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चोरभट्टी द्वारा धान खरीदी कार्य में अनियमितताओं को लेकर धान उपार्जन केंद्र खपरी के प्रभारी एवं संबंधित कर्मचारियों को खरीदी कार्य से पृथक किया गया है।


अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पामगढ़ के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में धान के रख रखाव में लापरवाही एवं भौतिक सत्यापन में मोटा धान 801 बोरी कम तथा सरना धान 1106 बोरी अधिक पाये जाने पर धान खरीदी कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता का लेख करते हुए धान उपार्जन केन्द्र खपरी के प्रभारी रविन्द्र कुमार यादव तथा कम्प्युटर आपरेटर प्रदीप कुमार यादव एवं नर्मदा साहू को धान खरीदी कार्य से पृथक करने एवं कर्मचारी सेवा नियम 2018 के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये जाने पर प्राधिकृत अधिकारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चोरभट्टी द्वारा कर्मचारी सेवा नियम 2018 के कंडिका कमॉक 17.5 के तहत धान खरीदी कार्य से पृथक किये जाने की कार्यवाही की गई है।



सक्ती में कार्रवाई करते अफसर।

## अवैध धान भंडारण पर कार्यवाही, 40 बोरी धान जब्त

**सक्ती।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त निगरानी की जा रही है। गुरुवार 29 जनवरी 2026 को ग्राम अकोलजमोरा में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान ग्राम अकोलजमोरा बस स्टैण्ड के पास स्थित आयचर टेक्टर में 40 बोरी धान लोडिंग की स्थिति में पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्ति धान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कार्यवाही के दौरान आयचर टेक्टर में 40 बोरी धान को जब्त करके मंडी में सौंपाते हुए विधिवत कार्यवाही की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण, परिवहन या कालाबाजारी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं निगरानी जारी है तथा आम नागरिकों से अपील की गई है कि अवैध धान खरीदी या भंडारण की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्यवाही जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित जांच दल के टीम उपस्थित थे।



## जमगहन खार मे जुआ खेलते चार जुआरी गिरफ्तार, 28 सौ रुपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम जमगहन खार मे जुआ खेलते 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से ताशपत्ती व 28 सौ रुपए को जब्त किया गया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत जमगहन का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 28 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जमगहन बनडबरी खार में घेराबंदी कर उपरोक्त जुआड़ियों को पकड़े जिनसे एवम फड़ से कुल 28 सौ रुपये तथा ताशपत्ती को जब्त कर जमानत पर रिहा किया गया। इस दौरान अनावेदकगण द्वारा गवाहों को गवाही देने व जुआ पकडाने की बात कहते हुए मारपीट किया गया। शांति भंग कर संज्ञेय अपराध घटित कर सकते थे जिन्हे शांति व्यवस्थता कायम रखने के लिए तथा प्रतिबंधित करने के लिए धारा 170/126,135(3) बीएनएस तैयार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, दामोदर जायसवाल, आरक्षक शत्रुघन जांगड़े, नन्ही यादव, महेंद्र कंवर, हरीश चंद्र का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### मुकेश गोयल बने विधायक प्रतिनिधि



**कोरबा।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने वार्ड क्रमांक 4 में निवासरत मुकेश गोयल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा के समीक्षा बैठकों में भाग लेने के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। विधायक श्री पटेल ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा को जारी नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया है कि मुकेश गोयल आपके विभाग से संबंधित बैठक आदि की सूचना से मुझे अवगत कराएंगे। अतः विभाग की होने वाली बैठकों के संबंध में विधायक प्रतिनिधि मुकेश गोयल को सूचना दिया जाए।

### बलिदान दिवस के रूप में मनायी जाएगी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को गांधी चौक में सुबह 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एवं धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि को बढ़ाये जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्षद्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, ओबीसी, अजा, अजजा प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को दी गई विदाई



**कोरबा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा में एनसीसी द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती पीआर शंकरी, वरिष्ठ शिक्षक लोकचंद सोनटके, राम अवतार साकरे एवं विद्यालय एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर रितेश भोसले उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैडेट्स के द्वारा अपने दो वर्षों का एनसीसी में उनके अनुभव का वर्णन किया गया। विद्यालय प्राचार्य के द्वारा इस अवसर पर कैडेट अरमान मिरी, कैडेटल ज्योति कंवर, कैडेट प्रांशी बाजपेई, कैडेट जागृति, कैडेट्स विकास, कैडेट अंजू कंवर एवं कैडेट वंशिका इत्यादि को उनको उनके विशेष योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के एनसीसी के प्रथम वर्ष के कैडेट की विशेष भूमिका रही। विद्यालय प्राचार्य ने भी कैडेट को अनुशासन में रहकर देश एवं समाज को विकसित करने का आह्वान किया।

### उड़ान संस्था ने जरूरतमंदों को वस्त्र एवं चप्पल का किया वितरण

**कोरबा।** सामाजिक सरोकार के तहत महिलाओं की संस्था उड़ान द्वारा क्लॉथ डोनेशन कैम्प के माध्यम से जरूरतमंदों को वस्त्रों तथा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। बुधवार को एनटीपीसी, जमनीपाली क्षेत्र की संस्था उड़ान की अध्यक्ष नीलांजना सेन एवं सचिव माधुरी चौहान साहू के नेतृत्व में यह सेवा कार्य सर्वमंगला मंदिर क्षेत्र में आयोजित हुआ। क्लॉथ डोनेशन कैम्प के माध्यम से उड़ान से जुड़ीं महिला सदस्यों ने जरूरतमंदों को कई प्रकार के वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही चप्पल एवं स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। वस्त्र एवं अन्य सामग्री प्राप्त करने वाले जरूरतमंदों ने संस्था की इस पहल की सराहना की और आभार जताया।

# सायबर थाने की मिली सौगात, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल की है। जिले में सायबर थाना की सौगात मिल गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जिले के सायबर थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया। अब सायबर थाना के खुलने से सायबर अपराधियों की धरपकड़ में मजबूती आएगी और लोगों का काम आसान होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आठ जिलों में साइबर थानों सहित करोड़ों रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का एक साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बुधवार को वर्चुअली शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले को साइबर थाने की सौगात दी। सिविल लाईन रामपुर के समीप नवनिर्मित साइबर थाना का प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने व महापौर संजूदेवी राजपूत ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। थाना अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों से लैस है, जिससे ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों की त्वरित जांच, ठगी की राशि को होल्ड करने तथा आम नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। नए साइबर थाने के प्रारंभ होने से जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगेगा और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। साथ ही, तकनीकी अपराधों की जांच अब और अधिक प्रभावी एवं तेज़ हो सकेगी। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय लखन पटले, नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधों की जांच में आएगी तेजी

**खास बातें**

- लगातार साइबर के बढ़ रहे हैं मामले, टेक्निकल टीम का बढ़ेगा कद
- पुलिस चलाएगी जागरूकता



### शराब दुकान में ग्रामीणों ने जड़ दिया था ताला

# कम्पोजिट शराब दुकान को पुराने भवन में शिफ्ट करने हंगामा



इस दुकान को किया गया था बंद।



ग्रामीणों से चर्चा करते प्रशासन व पुलिस के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उमरेली स्थित कम्पोजिट शराब दुकान को जिस स्थान पर संचालित हो रहा है उस दुकान को हटाने की मांग को लेकर गांव के लोगों ने मोर्चा खोल दिया और सरपंच सहित ग्रामीणों ने दुकान में ताला जड़ दिया था। बाद में प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद कम्पोजिट दुकान को पुनः पुराने दुकान में शिफ्ट करने की सहमति दी गई जिसके बाद शराब दुकान को खोला गया।

उरगा थाना अंतर्गत ग्राम उमरेली में आबकारी विभाग द्वारा कम्पोजिट दुकान का संचालन किया जाता है। लगभग चार माह पूर्व जिस स्थान पर कम्पोजिट दुकान संचालित हो रही थी वह दुकान जर्जर होने की वजह से आबकारी विभाग ने पुराने दुकान से कम्पोजिट दुकान को हटाकर नये स्थान पर शिफ्ट कर दिया था। बताया जाता है कि पुनः उसी स्थान पर देशी-विदेशी शराब दुकान को संचालित किया जाए इसको सरपंच, पंच और ग्रामीण शराब दुकान जा पहुंचे और दुकान खुलने से पहले ही उस पर ताला जड़ दिया। जैसे ही आबकारी टीम को सूचना मिली आबकारी विभाग के अधिकारी दलबल सहित जा पहुंचे लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। बाद में प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग पर सहमति जारी की गई कि कुछ दिनों बाद ही पुनः पुराने स्थान पर कम्पोजिट दुकान को पुराने स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और ताला को खोला गया। बताया जाता है कि पुराने स्थान में दुकान को दुरुस्त कर पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के लिए कहा गया है कि आने वाले कुछ दिनों में पुनः पुराने भवन में कम्पोजिट दुकान को शिफ्ट किया जाएगा।

**खास बात**

- प्रशासन व पुलिस की समझाइश के बाद खुला ताला

### आबकारी टीम पहुंची थी छापा मारने गाड़ी में तोड़फोड़, मामला दर्ज

अवैध शराब पर कार्रवाई करने गई आबकारी विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने धावा बोल दिया। यह हिंसक झड़प श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली में हुई, जहाँ न केवल सरकारी काम में बाधा डाली गई, बल्कि आबकारी उपनिरीक्षक की निजी टीम के साथ मारपीट कर वाहन के शीशे को पूरी तरह से तोड़ दिया है। आबकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आबकारी उपनिरीक्षक जया मेहर अपनी टीम के साथ 27 जनवरी को श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी फूलना बाई उरांव के घर दबिश देने पहुँची थीं। रेड के दौरान गांव की महिलाएं इकट्ठा हो गईं और टीम को घेर लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि सरपंच पति रामजीवन कंवर भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुँच गया और टीम को धमकाने लगा। तनावपूर्ण माहौल के बीच जयप्रकाश उरांव नामक व्यक्ति ने मारो-मारो के नारे लगाते हुए डंडे से हमला कर दिया।

## जेल से छूटे आरोपियों की थाना चौकियों में निकाली गई परेड



थाने में परेड लेते पुलिस के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किए हैं।

इसी कड़ी में जिला पुलिस ने आज तड़के सुबह लगभग 4 बजे से जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत लूट, डकैती एवं अन्य गंभीर अपराधों में पूर्व में संलिप्त तथा सजा प्राप्त कर चुके आदतन अपराधियों को उनके निवास स्थानों से थाना तलब किया गया। इस दौरान थाना परिसरों में ऐसे अपराधियों की विधिवत परेड कराई गई। अभियान के अंतर्गत कुल 102 लूट एवं डकैती के अपराध के आरोपियों को थाना तलब किया गया, जो पूर्व में लूट एवं डकैती के अपराधों में जेल जा चुके हैं। थाना स्तर पर सभी आरोपियों का सत्यापन, रिकॉर्ड परीक्षण एवं काउंसलिंग की गई तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न होने की सख्त हिदायत दी गई।

# रैली की शक्ल में पहुंचे कलेक्टोरेट धरना- प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

केएसटीपीएस एनटीपीसी के उत्पादन कंपनी के कामगार यूनियन के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों की समस्याओं को लेकर पदयात्रा निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गई। प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सीटू व किसान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनटीपीसी कामगार यूनियन के अध्यक्ष फागू राम कश्यप ने बताया कि पदयात्र सी जैन मार्ग से शुरू होकर दर्री बाजार, कोहड़िया, सीएसईबी चौक, घंटाघर, कोसाबाड़ी होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि आईटीआई के कुशल मजदूरों को तत्काल काम में वापस लिया जाए। ठेका बदलने पर ठेका श्रमिकों को नहीं बदला जाए। सभी श्रमिकों का गेट पास, पेस्लीप, हाजरी कार्ड, दिया जाए। ठेकेदार के मुंशियो द्वारा वेतन मिलने के बाद प्रतिदिन का 250 रूपये से 350 रुपए वापस लेना बंद किया जाए। रैली में बालको सीटू यूनियन, परिवहन संघ और किसान सभा ने सहयोग प्रदान किया। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बैनर्जी ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी संपूर्ण देश की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करता है, इसे महारत्न का दर्जा प्राप्त है। इस संयंत्र में प्रचालन एवं अनुरक्षण,सिविल कार्यों को ठेकेदार के माध्यम से करवाया जाता है। जहां श्रमिकों को केंद्रीय नियूनतम वेतन लागू है, परंतु श्रम कानूनों का खुलेआम उलंघन किया जा रहा है। ठेका श्रमिकों को पैसा भुगतान के बाद ठेकेदार के मुंशी द्वारा पैसे को वापस वसूला जाता है नहीं देने या विरोध करने पर गेट पास बंद कर काम से निकाल दिया जाता है, जिससे मजदूरों में डर और आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों की समस्या का समाधान नहीं किया तो आगे प्लांट में उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन और रैली में प्रमुख रूप से गुरुमूर्ति, सुमरित कश्यप, जीडी महंत, फुलबाई, जीराबाई, हेमलाल, अजय सहित बड़ी संख्या में ठेका मजदूर शामिल थे।

**खास बात**

- एनटीपीसी के उत्पादन कंपनी के कामगार यूनियन के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा

न्यायालयः चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारीः सर्व विजय अग्रवाल)
पोसेस क्रमांक-65/26, सि.अ.प्र.क्र.-50 अ/2025
पेशी तिथि - 16/02/2026

ईश्तहार

पंचराम (मृत)......अपीलार्थीगण विरूद्ध
चंद्रभूषण गढेवाल वगैरह....उत्तरवादीगण

अपीलार्थी पंचराम मृत द्वारा विधिक उत्तराधिकारी शांतनु मासुलकर के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष सि.अ.क्र.-50 अ/2025 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक-1 (3) चंद्रप्रभा पिता-स्व. चन्द्रभूषण निवासी बेल्दारपारा चांपा तह. चांपा जिला-जांजगीर चांपा को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक-16/02/2026 को दिन के 10.30 बजें उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक-16/02/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।
स्थान-जांजगीर। दिनांक- 22/01/2026

(सर्व विजय अग्रवाल)
चतुर्थ जिला न्यायाधीश,
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठानः सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दुरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### नवधा रामायण समारोह में अनिता मानस मंडली बिरगहनी प्रथम



**तुस्मा।** शबरी डेरा में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण समारोह ने पूरे क्षेत्र को नौ दिनों तक भक्तिरस में सराबोर किए रखा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की अमृतमयी कथा का निरंतर बखान हुआ,जिससे पूरा गांव राममय वातावरण में डूब गया। श्रद्धा,भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन का फाइनल दिवस 27 जनवरी मंगलवार को रात्रि 10:30 बजे प्रारंभ हुआ। अंतिम दिवस पर मानस मंडलियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। सभी मंडलियों ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण,मधुर और अनुशासित गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनिता मानस मंडली,बीरगहनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आयोजन में बाजी मार ली। उन्हें प्रथम पुरस्कार 15001 नगद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर जीवन ज्योति मानस मंडली, सेंदरस सरसीवा रही,जिन्हें 11001 नगद एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। वहीं तृतीय स्थान संगीता मानस मंडली,टुंड्रा ने प्राप्त किया,जिन्हें 9001 नगद एवं शील्ड प्रदान की गई।चतुर्थ स्थान सुनीता विश्वकर्मा मानस मंडली,उदयभाठा को मिला,जिन्हें 7001 नगद एवं शील्ड दी गई। पंचम पुरस्कार श्री बालाजी मानस मंडली,कटिही को प्रदान किया गया,जिसमें 5001 नगद एवं शील्ड शामिल रही।षष्ठम स्थान पर ममता मानस मंडली,कोरबा रही,जिन्हें 4001 नगद एवं शील्ड से नवाजा गया। सप्तम पुरस्कार मीरा मानस मंडली,चोरिया को मिला,जिन्हें 3001 नगद एवं शील्ड प्रदान की गई। अष्टम स्थान सुरमई मानस मंडली,जुड़ा लवन को प्राप्त हुआ,जिन्हें 2001 नगद एवं शील्ड दी गई।नवम पुरस्कार प्रेम सरोवर मानस मंडली,हीर्री बिलासपुर को 1501 नगद एवं शील्ड प्रदान की गई। वहीं दशम स्थान सावित्री साहू मानस मंडली,तुस्मा को 1001 नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### छपोरा मंडल पहुंचने पर भाजयुमो के नविनयुक्त अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**मालखरौदा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति के नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक पटेल का 28 जनवरी को छपोरा मंडल पहुंचने पर जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने गांव के मां घाटगोसाईन दाई का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

**तनौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस के अवसर पर कथा व्यास सुश्री अनन्या शर्मा सिवनी मालवा मध्यप्रदेश के द्वारा कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त जनों को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण और रुखमणी विवाह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विदर्भ नरेश की पुत्री रुखमणी को जैसे ही श्रीकृष्ण की रुप सौंदर्य की जानकारी उनके सहेलियों द्वारा मिली तब से वह श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में उनसे विवाह करने की मन में ठानी और इधर उसके भाई ने रुखमणी का विवाह शिशुपाल से करना निश्चित कर चुके थे क्योंकि शिशुपाल उनके परम मित्र थे। जैसे ही रुक्मणी को पता चला कि मेरे घर वाले मेरा विवाह शिशुपाल से करना चाहते वैसे ही उन्होंने इस विवाह से इंकार कर दिया और कहा कि यदि मेरा विवाह शिशुपाल से किया जाता है तो इस विवाह के पहले ही मैं अपना जीवन लीला समाप्त कर दूंगी क्योंकि मैंने श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में स्वीकार कर ली है और मैं श्रीकृष्ण से ही विवाह करुंगी। इसके बाद घर वालों ने उन्हें बाहर निकलने से मना कर दिया। इसके बाद रुखमणी ने ब्राह्मण की सहायता से एक पत्र श्रीकृष्ण के भेजा और विवाह करने की बात कही। इस प्रकार कहा गया है कि प्रेम करना है तो श्रीकृष्ण से किजिए जिससे ईश्वर की प्राप्ति हो सके।



## निधन

### अजय कुमार कश्यप

**मुलमुला।** ग्राम कोनारगढ के प्रतिष्ठित नागरिक अजय कुमार कश्यप का 65 वर्ष की आयु में 28 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया है। वे छोटेलाल कश्यप, विजय कश्यप, कृष्णकुमार कश्यप के भाई थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### स्कूलों में बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

77वां गणतंत्र दिवस समारोह वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) प्रबंधन ने धूमधाम से आयोजित किया। वेदांता लिमिटेड द्वारा ग्राम सिंघीतराई में अधिग्रहित 1200 मेगावॉट विद्युत संयंत्र की 600 मेगावॉट क्षमता की पहली इकाई का प्रचालन प्रारंभ हो चुका है।

संयंत्र परिसर में आयोजित समारोह में व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने व्हीएलसीटीपीपी परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वेदांता समूह ने अपने निवेश से बरसों से बंद पड़े संयंत्र का कायाकल्प करके उससे उत्पादन प्रारंभ कर दिया है जिसकी पहली इकाई से वर्तमान में 600 मेगावॉट विद्युत का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान करना है ताकि औद्योगिक प्रगति के क्षेत्र में हमारा देश दुनिया के लिए मिसाल बने। श्री पटेल ने तिरंगा फहराया। समारोह में श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्हीएलसीटीपीपी और बिजनेस पार्टनर के अधिकारियों-कर्मचारियों की एकजुटता से पहली इकाई ने नवंबर-2025 में 92 प्रतिशत से अधिक प्लांट लोड फैक्टर हासिल किया। यह उपलब्धि व्हीएलसीटीपीपी टीम की उच्च कुशलता, प्रबंधन उत्कृष्टता, संसाधनों के बेहतरीन प्रयोग और संयंत्र की निरंतरता का परिचायक है जिससे व्हीएलसीटीपीपी देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान कर रहा है। उन्होंने व्हीएलसीटीपीपी परिवार का आह्वान करते हुए कहा कि हम एक ऐसी कंपनी बनाएं जिसकी उत्पादन लागत सबसे कम हो। हमारे लिए यह चुनौती है कि हम अपने संसाधनों का श्रेष्ठ इस्तेमाल करते हुए कंपनी की रणनीति और व्यावसायिक मानदंडों को पूरी दुनिया के लिए एक बेंचमार्क के तौर पर स्थापित करें। सुरक्षा मानदंडों से हमें कोई भी समझौता नहीं करना है। हमें अपनी कार्यशैली से संयंत्र को दुर्घटना शून्य बनाना है। श्री पटेल ने कहा कि संयंत्र की निरंतर प्रगति का लाभ आसपास के समुदायों को मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में किए गए कार्यों से आसपास के गांव लाभान्वित हो रहे हैं।गणतंत्र दिवस के अवसर पर औद्योगिक सुरक्षा, सिक्योरिटी और हॉस्पिटैलिटी आदि क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने वाले 50 कर्मचारी श्री पटेल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों सम्मानित हुए। प्रशासन प्रमुख एवं उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र झा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रमुख प्रियरंजन त्रिवेदी ने किया। वेदांता पावर के बारे में वेदांता समूह भारत के सबसे बड़े निजी थर्मल ऊर्जा उत्पादकों में से एक है, जिसके पास 12,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर उत्पादन करने की क्षमता है। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादन में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए वेदांता पावर समर्पित है। वेदांता पावर के प्लांट मानसा, पंजाब (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड), सिंघीतराई, छत्तीसगढ़ (वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट), तिरुपति, आंध्र प्रदेश (मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड) और झारसुगुड़ा, ओडिशा (झारसुगुड़ा आईपीपी प्लांट) स्थित हैं। इन संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 4,780 मेगावाट है, जो देश भर में विभिन्न डिस्कॉम, उपयोगिताओं और उद्योगों को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सलामी लेते अतिथि।

### चंडीपारा पंचायत भवन में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**पामगढ़।** ग्राम पंचायत चंडीपारा में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सरपंच तोषित रात्रे द्वारा ध्वजारोहण कर झण्डा को सलामी दी गई। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गीत राष्ट्रीय गान का गायन किया। ततपश्चात मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच रमेश यादव, पूर्व सरपंच कमलेश जायसवाल, सचिव उमेंद राम दिनकर, किशोरी कश्यप, सरस वर्मा, संतोष बंजारे, शत्रुघ्न बंजारे, तबस्सुम बेगम, नजबुन निशा, ललित कुमार,महेंद्र बंजारे, राजकुमार जगत, मीना मरावी, रितेंद्र कश्यप, दुरपति कश्यप,सीता जायसवाल, लखनसुख कश्यप, जमुना मिरी, घनश्याम मिरी, दिलीप कुमार यादव, राजकुमारी दिनकर, शांति प्रदीप बंजारे, संगीता रत्नाकर सहित पंच गण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत टेमर में फहराया गया तिरंगा, हुआ सम्मान



**सक्ती।** ग्राम पंचायत टेमर में गणतंत्र दिवस का 77 पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंचायत भवन एवं कन्या शाला स्कूल में सयुंक्त रूप से सरपंच चन्द्र कुमार सोनी के द्वारा ध्वज फहराया गया। हाई स्कूल में चेतेश्वर पटेल (अध्यक्ष हाईस्कूल) एवं टंकेश्वर कुमार पटेल (सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत सक्ती) शा प्राथ स्कूल इंदिरानगर में रथराम पटेल (विधायक प्रतिनिधि सक्ती) एवं श्रीराम पटेल के द्वारा ध्वज फहराया गया। प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि भागवत देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड कृषि विकास अधिकारी खगेश कुमार पटेल द्वारा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मरणोपरांत पुरस्कार श्याम लाल बरेठ (विधवा बहु को बेटी बना पुनर्विवाह), मरणोपरांत मेहतर पटेल को ग्राम गौरव सम्मान, श्रीमती जयश्री देवांगन को पति को किडनी डोनेट करने पर सम्मानित किया गया, सत्संग हेतु संतराम पटेल को सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में और भी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में उपसरपंच योगिता घनश्याम पटेल, पंचगण कुलदीप पटेल, ओमप्रकाश देवांगन, नित्युजय पटेल, योगेश जायसवाल, बीरबल बरेठ, रामकुमार देवांगन, तीज राम कुम्हार, राजेन्द्र कुम्हार, शेष नारायण पटेल, मोहन साहू, चंद्रशेखर पटेल, राघव लाल भार्गव, एकांबर पटेल, पारेश्वर पटेल, ईश्वरी पटेल, माधुरी पटेल, कुमारी पटेल, ज्ञान बाई पटेल, फुलकुंवर साहू, पुष्पा पटेल, संतोष देवांगन, अश्वनी बरेठ, चुनीलाल साहू, कृष्णलाल मेहर, नूतन देवांगन, गोविंद पटेल रामशंकर देवांगन, कमल किशोर देवांगन, बंशी लाल देवांगन, छत राम साहू, रामदयाल पटेल, लेखराम पटेल, पूर्व सरपंच गुरुदेव चौधरी, संतराम पटेल, जय देवांगन, सूरज अजगले, छत राम धीरहे, रामकुमार केवट, शिक्षक में फनेंद्र दर्शन, मोहनप्यारे पटेल, लता राठौर, यादकुमारी पटेल, ललिता मैडम, मरावी मैडम, सिडार सर, अंजू मैडम, मनहरन पटेल, बबीता पटेल, राकेश खूंटे, होरी लाल बाघमार सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

**मालखरौदा।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार 26 जनवरी को ब्लॉक मुख्यालय के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षा विभाग के सभापति रितेश साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल प्रधान के अलावा शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबू कंप्यूटर ऑपरेटर तथा चपरासी उपस्थित थे।




## गणतंत्र दिवस पर मुड़पार में सम्मान के साथ फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**पामगढ़।** देश का 77वां गणतंत्र दिवस ग्राम पंचायत मुड़पार (चु) के पंचायत कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। ग्राम के सरपंच मनोज यादव द्वारा पूरे सम्मान के साथ तिरंगा ध्वज फहराया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।इस अवसर पर सरपंच ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सहित समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महान महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा अमर शहीदों को नमन किया।अपने संबोधन में सरपंच मनोज यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, एकता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की शक्ति का स्मरण कराता है।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के सत्य व अहिंसा, डॉ. अंबेडकर जी के समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत तथा सभी महापुरुषों के आदर्श हमें एक सशक्त और समरस समाज की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए, ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त बनाएं और गांव के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान पंचायत परिसर को तिरंगे एवं देशभक्ति संदेशों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में सभी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।



## भारत का गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है गणतंत्र दिवस : वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में फहराया गया राष्ट्रध्वज

गणतंत्र दिवस भारत का एक अत्यंत गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है. 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू हुआ और देश का एक सम्पूर्ण गणराज्य बना. इसी ऐतिहासिक दिन की याद में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है.उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में क्रोकोडायल पार्क कोटमीसोनार के केयरटेकर सीताराम वैष्णव ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त किया. कार्यक्रम को अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष सर्वेश्वर दास महराज, पत्रकार राजकुमार साहू, जोतराम यादव, आरसेटी के फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, केंद्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसन्धान वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन ने सम्बोधित किया. इस मौके पर मिडिल स्कूल बहेराडीह की शिक्षिका प्रभाकिरण पाण्डेय, भड़ेसर गांव की क्रृषि सखी इंदु साहू ने कविता का वाचन किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रायमरी स्कूल की प्रधान पाठक रामकुमारी राठौर, सुखीराम यादव, विपिन तिवारी, राजाराम यादव क्रृषि सखी शशि कर्ष, पशु सखी पुष्पा यादव, आरबीके साधना यादव, मितानिन रामबाई यादव, लक्ष्मीन यादव, बाबूलाल यादव, सुधराम यादव, रामायण सिंह कंवर, नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पीथमपुर से भारती साहू, प्रीति साहू, धाराशिव रोगदा से विनीता यादव, रामकुमारी यादव, सिउड़ से शिवकुमारी करियारे, दीपा कश्यप, खैरा से मानमती मानिकपुरी, खोखरा से अंजली बरेठ, प्रतिभा राठौर, कर्रा से हेमलता कश्यप, प्रभा धीवर, धाराशिव से अनिता चौहान, सीमा राठौर, भड़ेसर नर्मदा जोशी, इंदु साहू, पेण्ड्री नवागढ़ से दुलेश्वरी कुर्रे, पद्मि साहू, बिहान की क्रृषि सखी व पशु सखी दीदियों का सराहनीय योगदान रहा।



गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

### स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप ने किया पुष्प अपर्ण कार्यक्रम का आयोजन

**चांपा।** 26 जनवरी को 6. 30 बजे स्वामी विवेकानंद गार्डन चांपा में सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप ने झंडा पुष्प अर्पण कार्यक्रम आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. जीण.पी. दुबे जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा द्वारा प्रतिदिन उद्यान में सुबह 6.15 बजे राष्ट्रगान किया जाता है। इस कार्यक्रम को 4 वर्ष पूर्ण हुआ। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाईचारे भावनाओं को प्रदर्शित करने के बोहरा समाज के युसुफ भाई, चुचेरे भाई व नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ग्रुप के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक एवं विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र सिंह यादव मैनेजर पीआईएल चांपा ,राजन गुप्ता जी ,कृष्ण कुमार देवांगन, रूपनारायण यादव, हरिप्रसाद विश्वकर्मा, शिवराज जायसवाल, लक्ष्मी चन्द देवांगन, रामकिशन देवांगन, संजय महराज, बसंत महन्त, मोदी, सुनील पटेल गार्डन सेवक रोहित चक्रवर्ती, पूरन सिंह राजपूत, राजकुमार साहू,बहादुर देवांगन, सभी ने भारत माता एवं तिरंगे झंडे पर की पुष्प अर्पण किया।कार्यक्रम सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल,हरि प्रसाद विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार देवांगन, रूपनारायण यादव, बहादुर देवांगन ,शिवराज जायसवाल ताड़ी वाला, रामकिशन देवांगन,लक्ष्मी चन्द देवांगन, बसंत महंत, एस के सिगं,विरेंद्र देवांगन, राजेश देवांगन, गार्डन के सेवक सुनील पटेल, श्रीमती कामिनी जायसवाल ,श्रीमती पुष्पा देवांगन, उन्होंने कहा कि सुबह राष्ट्रगान में उद्यान के सभी व्यक्ति सम्मिलित होकर गान करते हैं। अंत में आभार प्रदर्शन राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल पुरूष्कृत शिक्षक व्दारा किया गया।



## लायंस स्कूल में बसंत पंचमी व फेयरवेल आयोजित

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार 23 जनवरी को बसंत पंचमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके पश्चात कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डॉ. अतुल राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

लायंस इंग्लिश स्कूल में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित बसंत पंचमी पर्व में सर्वप्रथम पं. राजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना विधि -विधान से की गई इसके बाद हवन संपन्न कराया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती की आरती के बाद उपस्थितो में पंचामृत, प्रसाद एवं मिष्ठान्न का वितरण किया गया। इसके पश्चात कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अतुल राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में योगा और खेलकूद को शामिल करना चाहिए जिससे उनका मानसिक विकास होता है और वे पढ़ाई के क्षेत्र में सफल होते है। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे सभी अच्छे अंको से परीक्षा में सफल होकर स्कूल का नाम रौशन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर, सचिव लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन ने भी विद्यार्थियों को आर्शीवाद दिया। इसके उपरांत दोपहर भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सपना गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक वीरेन्द्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कक्षा 12वीं के विद्यार्थी एवं समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित था।



(बसंत पंचमी पर माता सरस्वती की पूजा-अर्चना करते चेयरमेन

# नन्हें विद्यार्थियों ने बिखेरी देशभक्ति की छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के बाल कलाकारों ने दी प्रस्तुति

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में गणतंत्र दिवस के पूर्व बाल कलाकारों ने अपने मासूम अंदाज में राष्ट्रभक्ति की छटा बिखेरते हुए राष्ट्रीय, एकता और अखंडता की भावधारा से ओत-प्रोत गीत एवं नृत्य में थिरकते रहे।

प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में इन नन्हे- मुन्हे बच्चे अपने हाथों में तिरंगा थामे लहरा रहे थे। इस झांकी को जो भी देखा बस देखते ही रहे। इस दृश्य में बच्चे- महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, महारानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, भगवान श्री राम और कई महापुरुषों, भगवान एवं संतों की वेश धारण किए अद्भुत नजारा पेश कर रहे थे। अलग-अलग राज्यों के पोशाक धारण कर, उसी राज्य के प्रसिद्ध नृत्य का प्रदर्शन करके, उसके महत्व को चित्रित करने का सफल प्रयास किया गया। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि इन बच्चों ने विशिष्ट क्रियाकलाप के दौरान देश के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह तिरंगे का विभिन्न तरीके से अपने कौशल का परिचय दिए, जिसके तहत तीन रंगों के सहारे पतंग एवं तिरंगा झंडा आदि कलाकृति बनाकर कुशलता प्रदर्शित किए। प्राचार्य डॉ देव वशिष्ट ने कहा कि यह मासूम बच्चे ईश्वर के वरदान हैं। इनका लालन- पालन एवं शिक्षण तथा सही देखभाल किया जाए तो उनमें निहित प्रतिभा निखर कर समाज एवं देश के लिए उपयोगी बन जाएंगे। अतः हम सबकी जिम्मेदारी है कि समुचित क्रियाकलाप एवं गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के चहुंमुखी विकास हेतु सदैव तत्पर रहें। ताकि ये बच्चे वैश्विक धरातल पर अपनी पहचान बना सकें और शिक्षण संस्था तथा परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य डॉ देव वशिष्ट, संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता, समन्वयक राजेश ओबराय ने शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किए। इस समारोह में राज सिंह, चंद्र शेखर साहु, लक्ष्मण रवि दास, सुनीता शुक्ला, नेहा गढ़ेवाल, अंजू चतुर्वेदी, आशा राठौर, प्रीति चंद्रा, आरती गढ़ेवाल, शिवि दुबे, शदफ नाज, नेहा अग्रवाल उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

## लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की नई कार्यकारिणी हुई गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1, स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या की बैठक गत दिनों आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा, सचिव लीनेस जूही गौरहा, कोषाध्यक्ष लीनेस नामिशा थवाईत, उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, सहसचिव लीनेस प्राची पाण्डेय, सह कोषाध्यक्ष लीनेस गंगा गट्टानी, पी.आर.ओ लीनेस मधु शर्मा, क्लब कोऑर्डिनेटर सरोज पाटनी, फेलोशिप ऑफिसर सुनीता गट्टानी, सदस्यगण स्मृति गौरहा, प्रभा साहू, छबि जैन मनोनीत की गई है। शीर्ष नेतृत्व चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस रश्मि अग्रवाल, रीजन ऑफिसर लीनेस भगवती अग्रवाल, पास्ट प्रेसीडेंट सुधा साव, एरिया ऑफिसर लीनेस संध्या पाण्डेय के मार्गदर्शन में नए पदाधिकारियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जरूरतमन्दों की सहायता की बात कही है।



**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षिका रजिया अंजुम शेख हुई सम्मानित



**चांपा।** शिक्षा के क्षेत्र में सतत नवाचार, विशेष रूप से विज्ञान शिक्षण को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक बनाने, सामाजिक सरोकारों तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती रजिया अंजुम शेख, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरदा चांपा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन एवं पारिवारिक वानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हरित योद्धा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। इस गरिमामयी समारोह का आयोजन कोटा (राजस्थान) एवं भरतपुर क्षेत्र में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पधारे शिक्षाविदों, विज्ञान शिक्षकों, समाजसेवियों, पर्यावरणविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह में श्रीमती रजिया अंजुम को विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी, प्रयोगात्मक एवं जनहितकारी कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमती रजिया अंजुम एक समर्पित विज्ञान शिक्षिका हैं, जो विज्ञान विषय को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखते हुए सरल एवं बच्चों की समझ के अनुरूप वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से पढ़ाती हैं। वे अपने विद्यालय में नियमित रूप से विज्ञान के छोटे-छोटे प्रयोग कर बच्चों को अवधारणाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। यह सम्मान प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा के अध्यक्ष श्री अभिषेक शुक्ला के मार्गदर्शन में प्राप्त हुआ।

## ऑडियो बुक आवाजों की खुली पाठशाला का विमोचन



**सक्ती।** ऑडियो बुक आवाजों की खुली पाठशाला का विमोचन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका के ने किया। वर्ल्ड ऑडियो बुक राष्ट्रपति अवॉर्डी शिक्षिका सुश्री के शारदा के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए परिकल्पना की गई थी जो की साकार हुई। इस ऑडियो बुक के निर्माण के लिए शिक्षिका द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट शिक्षकों का समूह बनाकर इस ऑडियो बुक का निर्माण किया गया इसमें सभी स्तर के विषय वस्तु और सामान्य जानकारी को ऑडियो के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। यह स्पष्ट आवाज के साथ बच्चों को समझ आने के अनुरूप तैयार किया गया है। इस कार्य में सक्ती जिले से शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने 115 ऑडियो बुक्स बना कर अपना योगदान दिया है। इस कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल के द्वारा लोकभवन में स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। एक मंच पर शिक्षा की नई पहलइन ऑडियो बुक्स में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही इनमें कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के सभी विषय, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्लेलिस्ट, सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में सामान्य ज्ञान, हल्बी,पंजाबी, छत्तीसगढ़ी में अलग-अलग प्लेलिस्ट उपलब्ध है। साथ ही दिव्यांगजनों हेतु सहायता संसाधन,महिला सशक्तिकरण,दिव्यांग एवं महिलाओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओंसे संबंधित उपयोगी प्लेलिस्ट भी शामिल हैं, जिससे दृष्टिबाधित विद्यार्थी एक ही प्लेटफॉर्म पर संपूर्ण अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकें।

## औराईकला में 40 किशोरी बालिकाओं को वितरित किए गए सेनेटरी पैड



**जांजगीर-चांपा।** ज़िला प्रशासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अवसर पर विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत औराईकला में किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, एनीमिया, बाल विवाह निषेध एवं ऑनलाइन सेफ्टी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना बलौदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, युवोदय यूनिसेफ कार्यक्रम के स्वयंसेवक एवं एग्रीकान समिति का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान 40 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा उन्हें स्वास्थ्य एवं बाल विवाह निषेध पर शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती अल्का रात्रे द्वारा सेनेटरी पैड वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. रामायण सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी ऋचा तिवारी, सेक्टर सुपरवाइज़र प्रीति सिंह,का सहयोग रहे। विकासखंड बलौदा समन्वयक नरेन्द्र कश्यप उपस्थित रहे।साथ ही युवोदय स्वयंसेवकों में किरण महंत, फिरतिन, तुलसी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में सरिता पटेल, मोगरा, ऊषा बिंझवार, उमा यादव सहित अन्य किशोरी बालिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### वार्षिकोत्सव समारो में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति

# मंचीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने से मजबूत होता है आत्मविश्वास : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

माता को उपहार देना हो तो ऐसी उपलब्धि जिस पर मां हम पर गर्व कर सके , पिता को यदि उपहार देना हो तो उचित सम्मान पर जब स्वयं को उपहार देना हो तो योग्यता रूपी उपहार देनी चाहिए।

उक्त बातें अघोराचार्य बाबा कीनाराम विद्यापीठ इंग्लिस मिडियम स्कूल पेण्ड्री भाठा जांजगीर के वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने कही। उन्होने आगे कहा कि छात्र छात्राओं के द्वारा मंचीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास मजबूत होता है जो उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहायक होता है। कार्यक्रम के प्रधान अतिथि जिला पंचायत की सभापति सुश्री आशा साव ने वार्षिकोत्सव की थीम छत्तीसगढ़ महतारी की भूरी भूरी प्रसंशा की और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि मोहन यादव नगर पालिका उपाध्यक्ष , गोपेश्वर कहरा सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश हॉकी संघ , राजीव सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ खेल संघ , अजीत गड़हेवाल पार्षद नगर पालिका , किशन कश्यप एवं प्रहलाद दिनकर सरपंच ग्राम पंचायत मुनुंद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती माता की वंदना से प्रारंभ हुआ। शाला के संरक्षक रघुवीर प्रताप सिंह , श्रीमती श्वेता सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना सिंह के संयोजन में आयोजित वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने अपने शानदार नृत्य संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम मे शाला के शिक्षकगण , विद्यार्थीगण एवं अभिभावक गण मौजूद थे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी रवि पांडेय का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

## बाल विकास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव



डोंगाकोहरौद। ग्राम डोंगाकोहरौद स्थित बाल विकास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज वार्षिकोत्सव समारोह का गरिमामय आयोजन हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रीति अजय दिव्य , विशिष्ठ अतिथि देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल , संतोष कुमार यादव , कार्यक्रम अध्यक्ष संचालक उमाशंकर पाण्डेय , अरुण कुमार पाण्डेय , धनश्याम साहू , रामहरि कौशिक , राजकुमार श्रीवास पत्रकार , रामलाल धीवर , होरीलाल कश्यप उपस्थित रहे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती दिव्य ने छात्र छात्राओं व पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक अनमोल रतन है जिसे ज्यादा से ज्यादा ग्रहण कर देश व समाज को विकास की ओर ले जाने में अपना योगदान दे, साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं को मिल रही पचास प्रतिशत आरक्षण का लाभ लेकर अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करना है । समारोह को विशिष्ट अतिथि देवकुमार पाण्डेय ने संबोधित करते हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए शाला के छात्र छात्राओं व शाला परिवार की उज्ज्वल भविष्य की कामना किए । अतिथियों का स्वागत शाला के प्राचार्य कुमारी श्रद्धा पाण्डेय , डायरेक्टर आकाश पाण्डेय , श्रीमती अहिल्या पाण्डेय ,महामाया महिला समुह, पूर्व सरपंच श्रीमती अंजोरा बाई, श्रीमती पूर्णिमा धीवर, अध्यापक छाताराम पटेल, भीष्म प्रसाद , धनेश्वर प्रसाद आदि के द्वारा बुके व पुष्पमाला , श्रीफल से किया गया । इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम डांस , नाटक प्रस्तुत किए गए जिसमें पालकों व उपस्थित जनसमुदाय द्वारा उनके उत्साह वर्धन के लिए बड़ी संख्या में पुरुस्कार राशि प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।



## प्रशिक्षार्थियों को दिव्यांगता, सुविधाओं एवं लाभों के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- समावेशी शिक्षा अंतर्गत दो दिवसीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दो दिवसीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 27 एवं 28 जनवरी को कार्यालय विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र, समग्र शिक्षा अकलतरा के प्रशिक्षण हॉल में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस माध्यमिक स्तर के दिव्यांग विद्यार्थियों एवं उनके सहपाठियों तथा द्वितीय दिवस सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों एवं उनके सहपाठियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान विकासखण्ड अकलतरा अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से कुल 100 दिव्यांग विद्यार्थी एवं उनके 100 सहपाठी शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी, बी.आर.सी. शैलेन्द्र सिंह बैस, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वय स्वाति राठौर एवं रत्नमाला सिंह द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। बी.आर.सी. शैलेन्द्र सिंह बैस ने प्रशिक्षणार्थियों को 21 प्रकार की दिव्यांगताओं, शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं, लाभों एवं सहायक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती अंजना घोष (बी.आर.पी.) एवं श्रीमती रामकली सांते (स्पेशल एजुकेटर) द्वारा दिव्यांगताओं के प्रकार, विद्यालय में अनुकूल वातावरण निर्माण, दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन की प्रक्रिया तथा उनके विद्यालय में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करने हेतु किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं सहपाठियों को सांकेतिक भाषा में ए से जेड तक फिंगर स्पेलिंग एवं नाम लिखने की विधि सिखाई गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सीखा। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## शासकीय हाई स्कूल मुलमुला में किया गया साइकिल वितरण



**मुलमुला।** ग्राम मुलमुला के शासकीय हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण किया जा रहा है। यह साइकिल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा है. कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की छात्राओं को साइकिल दी जाती है। यह योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ छात्राओं को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे शिक्षा की राह आसान हो जाती है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा में सुधार हो रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुलमुला के सरपंच अमितेन्द्र सिंह, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गजानंद कश्यप, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष बसंत साहू, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष धनजीत सिंह, स्कूल के प्राचार्य सावित्री यादव, व्याख्याता प्रतीक्षा सिंह, ज्योति सक्सेना, नीरजा सिंह, दिनेश कुमार बंजारे, संकुल समन्वयक अजय कुमार मरावी, विनय पाटले उपस्थित थे।

## योग शिविर का लाभ लेकर शरीर को बनाएं स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- पांच दिवसीय नि :शुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

छत्तीसगढ़ शासन संचनालय आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भंवतरा में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बुंदेला के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। सर्वप्रथम प्रथम भगवान धन्वंतरी की पूजा आयुर्वेद अधिकारी सुनंदा गोस्वामी देव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजा गोलन साव, स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं द्वारा किया गया। श्रीमती सुनंदा गोस्वामी आयुर्वेद अधिकारी द्वारा ग्रामवासियों से अपील की है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने शरीर को स्वास्थ्य बनाए। इस शिविर में धनीराम साहू सचिव ग्राम पंचायत बुंदेला एवं ग्राम के लोग उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक दीपक राज श्रीवास द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार,ध्रुव आसन, कटिचक्रासन, नटराजासन, त्रिकोण सर्वांग आसन आसन, मंडूकासन, शशांक आसन, गौमुख आसन, अर्धमत्स्येंद्र आसन, कपाल भांति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, आदि को प्रशिक्षण दिया गया एवं इसके होने वाले फायदे के बारे में योग लाभार्थियों को बताया गया। इस शिविर में छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासी ने भाग लिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुंदेला के फार्मासिस्ट जगनारायण रात्रे ,औषधालय सेवक व्यसनारायण भारद्वाज का योगदान रहा।



शिविरमें उपस्थित शिक्षक एवं बच्चे।

## वित्त मंत्री को रेस्ट हाउस निर्माण के लिए सभापति अमित अनंत के नेतृत्व में सौंपा मांग पत्र

**राहौद।** वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन व जिले के प्रभारी मंत्री आरोपी चौधरी 28 जनवरी को खरौद के शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नाकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान नगर पंचायत राहौद के सभापति अमित कुमार अनंत व नपं के पार्षद नेहा श्रवण अग्रवाल, सुमित कुमार कश्यप, नरसिंह गोंड, परम कुर्रे नेता प्रतिपक्ष, कुसुम केंवट, अवंतिका गुप्ता, भवानी शंकर चंदेल, किर्ति सोनी, योगेश कुमार देवांगन, सावित्री सोनी,इंदू मनहर ने नगर में शासकीय रेस्ट हाउस (विश्राम गृह) निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा है। सभापति ने सौंपे गए पत्र में कहा है कि नपं राहौद जिले का एक महत्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है। राहौद नगर बिलासपुर -शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर स्थित है,जो व्यावसायिक केंद्र के रुप में विकसित हों रही है। मार्ग में नेता मंत्री का प्रवास होता रहता है। विश्राम गृह के अभाव में ठहराव नहीं हो पाता है। वहीं विभिन्न विभागों के शासकीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, निरीक्षण दल, सामाजिक संगठन,व दूर दराज से आने वाले नागरिक शासकीय कार्यों के लिए आते हैं, किंतु नगर में कोई भी शासकीय रेस्ट हाउस नहीं है, रेस्ट हाउस नहीं होने से शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को निजी होटलों, असुविधाजनक स्थानों में ठहरना पड़ता है और अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ता है। नगर में सुव्यवस्थित शासकीय रेस्ट हाउस निर्माण होने से शासकीय कार्यों की दक्षता बढ़ेगी बल्कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा। सभापति अमित अनंत ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से जनहित व प्रशासनिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए राहौद में शासकीय रेस्ट हाउस निर्माण हेतु बजट स्वीकृत करने की मांग किया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 100 श्रमिकों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जागरूकता स्वास्थ्य शिविर योजना के तहत सीजीपीडीसीएल मड़वा पावर प्लांट, चांपा में ईएसआईसी के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह ईएसआईसी से जुड़े श्रमिकों को निरंतर लाभ मिल रहा है।शिविर में आईएमओ अकलतरा डॉ. घनश्याम मेश्राम द्वारा श्रमिकों एवं कर्मचारियों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच की गई। शिविर के दौरान लगभग 80 से 100 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम मेश्राम ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार श्रमिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। ईएसआईसी विभाग द्वारा लगाए जा रहे मासिक जागरूकता स्वास्थ्य शिविरों से श्रमिकों को समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा मिल रही है, जिससे गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव हो पा रही है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे इन शिविरों का नियमित लाभ लें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। शिविर के सफल आयोजन में प्लांट प्रबंधन, ईएसआईसी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं मेडिकल स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार एवं ईएसआईसी विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।



शिविर में उपस्थित श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए भाविक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय ईकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र भाविक द्विवेदी को पिछले दिनों राजधानी रायपुर के राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किया गया।

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित समारोह के दौरान छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा की प्राणीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके तहत नगर की लायंस इंग्लिश स्कूल के छात्र भाविक द्विवेदी को 10वीं की वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में प्राणीण्य सूची में स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के तहत उन्हें प्रशस्ति पत्र, शील्ड के साथ डेढ़ लाख रूपये की सम्माननिधि भी प्रदान की गई। समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के सचिव भी उपस्थित थे। स्कूल के छात्र भाविक द्विवेदी को सम्मानित किये जाने पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी तथा प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने हर्ष व्यक्त किया है।



राज्यपाल व सी.एम. से पुरस्कृत होते भाविक द्विवेद।

## विषम परिस्थितियों में सामर्थ्य प्रदान करता है श्रीमद भगवत गीता ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

हम सभी उस अर्जुन की तरह है जो युद्ध के मैदान पर धर्म और अधर्म के बीच खड़ा है और अधर्म की ओर खड़े अपने संबंधिओं को देखकर युद्ध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। अर्जुन प्रत्येक जीवात्मा का प्रतीक है जो जीवन में आने वाली परिस्थितियों विषमताओं से घबरा जाता है परंतु पुनः भारत में आदि सनातन देवी देवता धर्म अर्थात सत्य धर्म की स्थापना करनी है तो हमें अधर्म अर्थात काम , क्रोध , लोभ , मोह, अहंकार , बुराइयों पर जीत प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है। अर्जुन के विषाद निराशा हताशा को दूर करने के लिए भगवान ने गीता ज्ञान देकर उनके आत्मशक्ति को जगाया।

उक्त बातें चांपा में चल रहे श्रीमद भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार के आध्यात्मिक रहस्यों द्वारा खुशहाल जीवन नामक गीता प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन लोगों को सम्बोधित करते हुए गीता सार प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कहीं उन्होंने आगे कहा कि आत्मा सतोगुणी है जिसमें सुख शांति प्रेम आनंद ज्ञान शक्ति पवित्रता समाहित है। जिसके द्वारा ना दिखाई देने वाली आत्मा इतने बड़े पांच तत्वों के शरीर को चलाती है। आत्मा अजर अमर अविनाशी है जो नित्य सनातन और पुरातन है जब परमात्मा की याद में हम स्थित होते हैं तो आत्मा पुनः इन सातोंगुणों से भरपूर हो जाती है। जिस प्रकार वस्त्र के पुराने हो जाने पर हम नये वस्त्र को धारण करते हैं उसी प्रकार शरीर रूपी वस्त्र जब पुराना जर्जर हो जाता है या शरीर में किसी भी प्रकार की कोई खराबी आ जाती है तो आत्मा भी पुराने शरीर को छोड़ पुनः नया शरीर धारण करती है गीता में निहित अमूल्य नीधियों को जब हम जीवन में आत्मसात करते हैं तब हमारे जीवन में अद्भुत सकारात्मक परिवर्तन आता है और मानव जीवन में समय प्रति समय आने वाले अनेक विषम परिस्थितियों समस्याओं उलझनों को पार करने का सामर्थ्य आ जाता है। कार्यक्रम आयोजन के निमित्त बने श्री लक्ष्मीचंद देवांगन एवं श्रीमती उमा देवांगन ने गीता सार के आध्यात्मिक रहस्यों से समस्त नगर वासियों को लाभान्वित होने हेतु आहवान किया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



सुखद जीवन का आधार के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रवचन सुनाती दीदी शशिप्रभा।

